**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर।**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 14 (क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकासखण्ड गोंदलामऊ के ग्राम भगवानपुर पोस्ट हिण्डौरा के निवासियों का स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें इलाज हेतु अत्यधिक दूर जाना पड़ता है? | जी नहीं।<br>जनपद-सीतापुर के विकासखण्ड गोंदलामऊ पोस्ट हिण्डौरा के ग्राम भगवानपुर से राजकीय महिला चिकित्सालय मनवा लगभग 07 कि0मी0 की दूरी पर, सामु0स्वा0केन्द्र, सिंधौली लगभग 15 कि0मी0 की दूरी पर, हिन्द इंस्स्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मेडिकल कॉलेज लगभग 08 कि0मी0 की दूरी पर, राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय लगभग 07 कि0मी0 की दूरी पर तथा स्वास्थ्य उपकेन्द्र (हेल्थ वेलनेस सेंटर) लगभग 02 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है, जिससे उक्त क्षेत्र के निवासियों को चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। |
| (ख) | क्या उक्त समस्या के समाधान हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा उपलब्ध करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री